कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.04.2024

विषयः- कूटरचित जाली नोटों की बरामदगी से सम्बन्धित मामले में वांछित अभियुक्त मनोज कुमार शाह थाना शिवपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 407/2023 धारा 489बी/489सी भा.द.वि. थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मनोज कुमार शाह पुत्र गणेश शाह निवासी मस्जिद के पास कुदरा बाजार थाना कुदरा जिला कैमूर, भभुआ (बिहार) को दिनांक 16.04.2024 को समय 16.50 बजे कुदरा भभुआ रोड स्थित भारत पेट्रोल पम्प के बगल से थाना कुदरा जिला कैमूर से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मनोज कुमार शाह पुत्र गणेश शाह निवासी मस्जिद के पास कुदरा बाजार थाना कुदरा जिला कैमूर, भभुआ (बिहार) उम्र करीब 40 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः- कुदरा भभुआ रोड स्थित भारत पेट्रोल पम्प के बगल थाना कुदरा जिला कैमूर, भभुआ (बिहार), दिनांक 16.04.2024 समय 16.50 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 भरत कुमार चौधरी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 वसीम खान थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी